# मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनावों के लिये अपनी 5 बड़ी गारंटी लॉन्च करने की घोषणा की

## चर्चा में क्यों?

27 अक्तूबर, 2023 को प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कॉन्ग्रेस वार रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिये अपनी 5 बड़ी गारंटी लॉन्च करने की घोषणा की है।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की इस लिस्ट में पहली गारंटी ओल्ड पेंशन स्कीम होगी। विदित हो कि 2022 में गहलोत ने राजस्थान में न्यू पेंशन स्कीम की जगह ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू की थी। ऐसा करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य था। अब मुख्यमंत्री गहलोत गारंटी देंगे कि उनकी सरकार आती है तो ओपीएस जारी रखेंगे।
- दूसरी गारंटी फ्री लैपटॉप की है। हालाँकि फ्री लैपटॉप की घोषणा गहलोत सरकार के इस कार्यकाल के बजट का हिस्सा थी, लेकिन यह योजना कागज़ों से आगे नहीं बढ़ी। अब मुख्यमंत्री गहलोत गारंटी देंगे कि सरकार आई तो सरकारी कॉलेज के छात्रों को फ्री लैपटॉप देंगे।
- तीसरी गो धन पशु गारंटी है। यह गारंटी छत्तीसगढ़ की कॉन्ग्रेस सरकार लॉन्च कर चुकी है। अब गहलोत सरकार भी गाँवों में पशुओं का गोबर और गो-मूत्र खरीदने की गारंटी देगी।
- चौथा अंग्रेज़ी मीडियम स्कूल की गारंटी है। गौरतलब है कि गहलोत सरकार ने प्रदेश भर में अंग्रेज़ी मीडियम स्कूल खोलने की योजना लॉन्च की थी। अब मुख्यमंत्री गहलोत इसे आगे बढ़ाकर पंचायत स्तर पर लागू करने की गारंटी देंगे।
- पाँचवी चिरंजीवी आपदा राहत की गारंटी है। गहलोत सरकार ने इस कार्यकाल में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लॉन्च की थी। इसमें प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जाता है। अब गहलोत इस योजना को आगे बढ़ाकर इसे आपदा राहत तक बढ़ाएंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-announced-the-launch-of-his-5-big-guarantees-for-the-assembly-elections